**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कटनी।** तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुर्खी टैंक के पास गत शाम हुआ। जानकारी के अनुसार सुर्खी टैंक के पास तेज गति से आ रही बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी 20 सीए 0599 ने मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एमजी 8918 को टक्कर हो गई। इस हादसे में राकेश श्रीवास पिता बसंत लाल (32) निवासी सुर्खी व एक अन्य युवक घायल हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जुहला चौकी स्टॉफ मौके पर पहुंचा। इसके बाद घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। यहां पर इलाज के दौरान बसंत की मौत हो गई। एक अन्य घायल युवक का इलाज जारी है।

## सीईओ पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप, कई बार शिकायतों के बाद भी नहीं सुन रहे अधिकारी

# जनपद अध्यक्ष लुढ़कते हुए डीएम कक्ष तक पहुंचे कलेक्टर बाहर नहीं आए तो किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक अनोखा तरह का प्रदर्शन देखने को मिला। बहोरीबंद जनपद पंचायत के अध्यक्ष ने ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ कटनी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद जनपद सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के गेट से लुढ़कते हुए कलेक्टर के चैंबर तक गए। अपनी पीड़ा सुनाने के लिए कलेक्टर से मिलने की मांग करते रहे लेकिन कलेक्टर अपने चेंबर से बाहर नहीं निकले। कलेक्टर ने बाहर न आने पर जनपद अध्यक्ष व जनपद के प्रतिनिध वहीं पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन करने वालों को एडीएम करीब आधे घंटे तक समझाने की कोशिश करती रहीं लेकिन वो नहीं माने।




### भाजपा समर्थित है अध्यक्ष

जनपद अध्यक्ष लालकमल बंसल जनपद के अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ पहुंचे थे। जब एडीएम साधना परस्ते ज्ञापन लेने पहुंची तो जनप्रतिनिधियो ने कलेक्टर को ही आवेदन देने की बात कही और वहीं पर धरने पर बैठ गए। जिला पंचायत सदस्य अजय गौटिया ने कहा कि ये कैसे लोकसेवक हैं जिनके दर पर जनप्रतिनिधियों को मिलने के लिए मिन्नत करनी पड़ रही है और वे बाहर तक नहीं आ रहे हैं। कलेक्टर के नहीं पहुंचने पर उन्होंने जिला प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया। बंसल ने कहा कि इस मामले में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दलित होने के कारण मुझे परेशान किया जा रहा है, जबकि मैं सत्तारूढ़ भाजपा का सदस्य हूं।



### आत्मदाह करने की चेतावनी

जनपद अध्यक्ष लालकमल बंसल ने बहोरीबंद सीईओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों को दिए ज्ञापन में बताया है कि बहोरीबंद सीईओ द्वारा उन्हें प्रताडित किया जा रहा है। सीईओ अपनी मर्जी से बैठकों का आयोजन कर लेते हैं और उन्हें सूचना तक नहीं देते। जनपद अध्यक्ष के मुताबिक वो दलित समाज से हैं इसलिए कई बार शिकायतें करने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर एक महीने में सीईओ पर कार्रवाई नहीं हुई तो वो कलेक्ट्रेट में आकर आत्मदाह करेंगे। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।



### नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में बघराजी की टीम बनी चैंपियन

**सिलौंडी।** सिलौंडी में चल रहे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में आज फाइनल मुकाबला सिलौंडी की संतोष इलेवन और बघराजी के बीच हुआ। जिसमें बघराजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 116 रन बनाए।जवाब में सिलौंडी की संतोष इलेवन 11.4 ओवर में 112 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बहुत ही रोमांच भरे मैच को बघराजी ने 4 रन से जीतकर नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बन गई। विजेता को सरपंच पंचों संतोष कुमार शील्ड और 31000 रुपया नगद पुरस्कार राशि दी साथ ही उपविजेता को रिंकू राय जय टेडर्स ने 15000 रुपया नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अमित राय, रमेश राय ,जितेंद्र साहू तरुण कंप्यूटर, प्रहलाद सेन ,पंच पुनीत सेन ,सरपंच प्रतिनिधि इंजीनियर अतुल बर्मन ने विजेता और उपविजेता का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। मुकेश चतुर्वेदी ने मैन ऑफ सीरीज को बेट और क्रिकेट किट दी गई।

*कलेक्टर की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक का हुआ आयोजन*

## चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनानें राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा, लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनानें के संबंध मे राजनैतिक दलों से चर्चा की जाकर सुझाव प्राप्त किये गए।

बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला मंत्री भाजपा आशीष गुप्ता, प्रतिनिधि भाजपा



दीपक तिवारी, जिलाध्यक्ष भा.रा.कांग्रेस श्री करण सिंह चौहान एवं जिलाध्यक्ष आम आदमी पाटी एडव्होकेट अनिल सिंह सेंगर जिलाध्यक्ष कांग्रेस प्रकोष्ठ जार्ज डेविड और जिला निर्वाचन शाखा के माखन सिंह व ललन प्रसाद प्रजापति मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राजनैतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल तक सुझाव मांगा गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों से विकेन्द्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया गया। राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग की मान्यता के अनुसार राजनैतिक दल 28 हितधारकों में से एक है, जिन्हे संविधान और वैधानिक ढ़ाचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं मे आयोग द्वारा मान्यता प्रदान किया गया है। आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## उपभोक्ता दिवस पर 21 मार्च को आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**शासकीय तिलक महाविद्यालय में होगा कार्यक्रम का आयोजन**

शासन के निर्देशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 21 मार्च 2025 को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के सहयोग से शासकीय तिलक महाविद्यालय में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने उपभोक्ताओं, स्कूल/कॉलेज के छात्र/छात्राओं को जागरूक एवं सक्रिय किये जाने हेतु वरिष्ठ एरिया मैनेजर, पश्चिम मध्य रेल्वे, उप नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला प्रबंधक एम.पी.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्यालय, जिला विपणन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रबंधक स्टेट बैंक, अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, नोड अधिकारी प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रबंधक दूरसंचार निगम, निरीक्षक नाप तौल विभाग, प्रबंधक गुप्ता गैस एजेंसी, उषा गैस एजेंसी, मून फिलिंग स्टेशन, भारतीय जीवन बीमा निगम, मुख्य पोस्ट मास्टर हेड पोस्ट ऑफिस सेल्स आफिसर एचपीसीएल, बीपीसीएल एवं आईओसीएल सहित उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण को अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाकर प्रचार- प्रसार सामग्री सहित उपस्थित होने एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता के क्षेत्र में आवश्यक सहयोग प्रदान करनें का लेख किया है।

जिले के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## अविश्वास प्रस्ताव में छिन गई अध्यक्ष पद की कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी जनपद पंचायत मंगलवार को चर्चाओं में रहा। जनपद सदस्यों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव एक तरफा सफल भी रहा। 15 में से 13 सदस्यों ने एकजुट होकर अपने ही अध्यक्ष के खिलाफ वोटिंग की और उनकी कुर्सी छीन ली। जनपद पंचायत में 15 जनपद सदस्य हैं और उनमें से 13 जनपद सदस्यों ने कुछ दिन पूर्व कलेक्टर को पत्र सौंपकर जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का आवेदन दिया था जिसको लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा ने सम्मिलन बुलाने की तिथि मंगलवार को तय की थी। तहसील कार्यालय रीठी में सदस्यों की बैठक अविश्वास मत को लेकर बुलाई गई थी। उससे पहले ही



जोड़-तोड़ का जोर पिछले एक सप्ताह से चलता रहा। 13 सदस्य एकजुट रहे और निर्धारित तिथि पर दोपहर दो बजे से पहले वे तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां पर एसडीएम की मौजूदगी में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में गुप्त मतदान कराया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष अवस्थी सहित 14 लोगों ने मत दिया। वहीं एक जनपद सदस्य अनुपस्थित रहा। मतदान में 13 मत विरोध में पड़े और अध्यक्ष को सिर्फ उनका ही मत प्राप्त हो सका।

अविश्वास प्रस्ताव पास होने की घोषणा एसडीएम ने मौके पर ही की और अध्यक्ष के पद से हटने के बाद उपाध्यक्ष को फिलहाल प्रभार सौंपा गया है। एसडीएम मिश्रा ने बताया कि अविश्वास मत पारित होने के बाद उपाध्यक्ष प्रभार पर रहेंगे और जल्द ही सम्मिलन बुलाकर नए अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।

रीठी जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सुबह से जनपद पंचायत परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। विवाद की स्थिति न बने इसको लेकर रीठी थाना प्रभारी, पुलिस लाइन से निरीक्षक बल सहित मौके पर मौजूद रहे। तहसील कार्यालय परिसर की ओर बेरीकेट लगाकर आने-जाने वालों को रोका गया और सिर्फ चर्चा में भाग लेने वाले सदस्यों व संबंधित अधिकारियों को ही प्रवेश दिया गया। अविश्वास मत पास होने के बाद भी नगर में पुलिस तैनात रही, ताकि उपद्रव की स्थिति न बने। अविश्वास प्रस्ताव पास होने के साथ ही नए अध्यक्ष को चुनने की कवायत शुरू हो चुकी है। एक-दो दिन के अंदर ही इस तस्वीर के साफ होने का भी अंदेशा लगाया जा रहा है।

### प्रकरणों के निराकरण में रूचि नहीं लेना पांच पटवारियों को पड़ा महंगा

## चार पटवारियों पर गिरी निलंबन की गाज, एक अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व प्रकरणों में हीला हवाली और कोताही बरतना पांच पटवारियों को मंहगा पड़ गया। सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बाटम स्तर के कम प्रगति वाले पटवारियों पर कार्यवाही करनें के दिए निर्देश के बाद अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा मंगलवार को चार पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं एक पटवारी को कार्यालय में संलग्न करनें की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री यादव के इस मामले में सख्त रुख के बाद एस.डी.एम द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई। इस प्रकार पटवारियों द्वारा कार्य में बरती गई लापरवाही उन्हे खुद महंगी पड़ गई।

कलेक्टर के निर्देश के बाद इस कार्य की मंथर गति के लिए दोषी कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए सख्त निर्देश के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी द्वारा की गई समीक्षा के दौरान हल्कों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं अन्य विभागीय कार्य मे रूचि नहीं लेने व आदेश निर्देश की अवहेलना कर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कृत्य को पदीय दायित्वों के विपरीत मानते हुए म0प्र0 सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत चार पटवारियों पर निलंबन एवं एक पटवारी पर कार्यालय में संलग्न करनें का आदेश जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में राजस्व प्रकरणों नक्शा तरर्मीम, ई केवाईसी,, फॉर्मर रजिस्ट्री के मामलों के त्वरित निराकरण के साथ ही किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से शिविरों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है।

### इन को किया निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जिन चार पटवारियों का नक्शा तरर्मीम, ई केवाईसी, फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति नगण्य पाये जानें तथा समय-समय पर दिये निर्देशों के अनुरूप कार्य नहीं करनें निलंबन की कार्यवाही की गई है। उनमें तहसील रीठी के हल्का ग्राम कठौतिया के पटवारी प्रीतम लाल दाहिया एवं हल्का ग्राम बरजी के पटवारी प्रमोद खरे, तहसील बड़वारा के हल्का ग्राम लखाखेरा के पटवारी देवेन्द्र भगत और हल्का ग्राम रोहनिया के पटवारी संजय जैन का नाम शामिल है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय स्थानीय तहसील कार्यालय रहेगा तथा इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी द्वारा नक्शा तरर्मीम, ई केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में रुचि नहीं लेने तथा समय-समय पर दिये गए निर्देशों के अनुरूप कार्य नहीं करनें पर तहसील रीठी के हल्का ग्राम रूडमूड के पटवारी विश्वनाथ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में संलग्न किया गया है।



## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 5 पकड़ाए, 870 रूपए किये जब्त

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बुधनवारा मैं रंगमंच के पास बगीचा में आम के पेड़ के नीचे बैठकर ताश पत्तों पर पांच लोग रुपए पैसों पर हार जीत का दाव लगा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी एवं जुआरियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवकों के पास से ताश पत्तों सहित 870 रुपए जप्त करते हुए पुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है। आरोपियों में रामसुजान लोधी,अर्जुन रजक, जयकुमार पटेल, मानसिंह गौड़, निवासी नयागांव के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव अवलोकन हेतु उपलब्ध

**कटनी।** जिला पंजीयक पंकज कोरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु गाइड लाइन दरों को निर्धारित किये जाने हेतु जिला मूल्यांकन समिति कटनी की बैठक कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में 17 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष अवलोकन, परीक्षण एवं चर्चा उपरान्त उचित निर्णय हेतु रखा गया। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार समिति द्वारा पारित प्रस्ताव जनसामान्य के अवलोकन एवं सुझाव हेतु जिले के पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध है।

### नर्मदा कलश यात्रा के लिए कटनी पहुंचने पर किया गया स्वागत

**कटनी।** राज्य सरकार से कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवीकरण साहू का मंगलवार को अल्प प्रवास पर कटनी आगमन हुआ। इस अवसर पर ग्राम बडेरा में समर्थक एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जानकारी के मुताबिक रवि करण साहू के नेतृत्व में 108 देशों की मां नर्मदा कलश यात्रा के कटनी से नेपाल के लिए रवाना हुए। ग्राम बडेरा में उनका स्वागत सामाजिक बंधुओ एवं ग्राम वासियों ने किया एवं आगे की सफल नेपाल यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मंत्री जी मां नर्मदा का पवित्र जल 108 देशों में स्थित मंदिरों में अर्पित करेंगे। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री रामू साहू ,जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला के उपाध्यक्ष लखन साहू अशोक साहू तहसील श्रीराम साहू कीर्तन साहू आदर्श अरुण साहू मनोज शुभम साहू दीपक साहू जिला सिंह अमर सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखन साहू आदि की उपस्थिति रही है।

### 21 मार्च तक होगा पंजीयन

**कटनी।** रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु घोषित उपार्जन नीति में पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए 21 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। सभी किसान भाइयों से अपील है कि, जिले में जो भी किसान चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन हेतु शेष हैं वे नियत दिनांक 21 मार्च 2025 तक अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करावें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन कल तक

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने जानकारी देकर बताया है कि एम.पी.टास पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पो. मै. छात्रवृत्ति शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदनों हेतु पोर्टल पुनः ओपेन किया गया है। आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल द्वारा एम.पी.टास. पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नवीन, नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गयी है। उन्होंने समस्त प्राचार्य शासकीय, अशासकीय एवं नोडल संस्थाओं को सूचित किया है कि उक्त के संबंध में तत्काल छात्रों को सूचित कर समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

---

### कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में एक सैकड़ा लोगों ने बताई समस्याएं

# अवैध कब्जा कर मकान बेचने का प्रयास, कार्यवाही करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित तहसील ,विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों के साथ जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में 101 आवेदनों पत्रों पर सुनवाई की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पटौंहा निवासी राजेन्द्र प्रसाद राय ने कलेक्टर श्री यादव के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके द्वारा अपनी निजी भूमि पर कौहा अर्जुन प्रजाति के वृक्ष लगाये गए थे। वृक्षों को काटनें हेतु ग्राम सभा से प्रस्ताव अनुमोदित होने के पश्चात भी पटवारी द्वारा एक वर्ष से वृक्षों का सत्यापन नहीं किये जानें की जानकारी दिये जानें पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा तहसीलदार रीठी की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रकरण में समय-सीमा में कार्यवाही करानें हेतु निर्देशित किया गया।



#### अवैध कब्जा पर करें कार्यवाही

तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम पड़वई निवासी नारायण प्रसाद यादव नें उनके दादा के द्वारा क्रय की गई भूमि पर मिथलेश कुमार यादव द्वारा दादा के मकान में जोर जबरदस्ती कर कब्जा करते हुए ताला लगाकर मकान बेचने के प्रयास किये जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री यादव द्वारा संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए एस.डी.एम विजयराघवगढ़ को प्रकरण की जांच कर आवेदन पर कार्यवाही करने निर्देश दिए गए।

#### पेंशन का लाभ दिलाने गुहार

जनसुनवाई में तहसील ढीमरखेड़ा, ग्राम धरवारा निवासी विकास श्रीवास्तव नें पिता जी के स्वर्गवास के बाद बहन एवं भाई के मानसिक बीमारी से ग्रसित होनें के चलते उनके भरण पोषण व इलाज हेतु परिवार पेंशन का लाभ दिलानें संबंधी आवेदन पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा सुनवाई उपरांत जिला पेंशन अधिकारी को प्रकरण की जांच कराते हुए समय- सीमा में नियमानुसार कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

#### इन आवदेनों पर भी सुनवाई

जनसुनवाई के दौरान ग्राम कुटेश्वर के किसानों द्वारा बाणसागर डूब क्षेत्र का मुआवजा प्रदान करनें, आवेदक शेख शमीम द्वारा विक्रेता द्वारा रजिस्ट्री कराने के उपरांत भी मौके पर कब्जा नहीं देने, तहसील रीठी ग्राम कछार खेडा निवासी रामचरण द्वारा हल्का पटवारी एवं आर आई द्वारा रिकार्ड सुधार नहीं किये जाने सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई उपरांत विभागीय अधिकारियों को समय- सीमा में प्रकरणों पर कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को तहसील और विकासखंड मुख्यालयों और ग्राम पंचायत में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम मे पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित नागरिकों की शिकायतों को सुनकर उनके आवेदन लिए गए।

---




## पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त व बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को तनाव से मुक्त एवं बेहतर स्वास्थ्य हेतु प्रोग्राम तैयार किया गया है। ध्यान तथा उसके लाभों के विषय में जागरूकता हेतु हार्टफुलनेस संस्थान रामचन्द्र मिने पूरे विश्व में कार्यरत है, हार्टफुलनेस संस्थान के माध्यम से पुलिस बल में कार्य की अधिकता, तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने की अपरिहार्यता, समाज के नकारात्मक तत्वों से जूझने की चुनौती ,स्वयं को सेवा के प्रति तत्पर एवं सतर्क रखने की आवश्यकता, नौकरी एवं परिवार की आवश्यकता में संतुलन, बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पालन-पोषण की व्यवस्था स्वयं के स्वास्थ्य की प्रति जागरूकता, उत्तम व्यवहार, संवाद-कौशल, जैसी अपेक्षाओं के चलते मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मसंबल, आंतरिक उर्जा प्रसन्नता तथा तनावमुक्त बनाये रखने हेतु प्रशिक्षण एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

ध्यान से चेतना का विकास, शांति एवं संतोष तथा आंतरिक प्रसन्नता के स्तर में वृद्धि होने के साथ-साथ संवाद, एकाग्रता एवं निर्णय की क्षमता भी बेहतर होती है।

कार्यक्रम की शुरूआत में विकास श्रीवास्तव प्रशिक्षक एवं जिला समन्वय अधिकारी एवं टीम द्वारा कटनी एसपी अभिजीत रंजन में मार्गदर्शन में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास की तीन दिवसीय रूपरेखा से बताकर संस्था के कार्य एवं उद्देश्य से अवगत कराकर अभ्यास प्रारंभ किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी स्लीमनाबाद प्रभात शुक्ला, एवं हार्टफुलनेस सस्थान के सदस्य आर. के. अग्रवाल , विकास श्रीवास्तव , सुरेंद्र जरीवाल, अमित गुप्ता एवं पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

---

*5 हजार रूपए स्टाइपेंड के साथ मिलेगी 6 हजार रूपए की राशि*

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में युवाओं को मिलेगा कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के युवाओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जानें की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है।

#### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए यह है पात्रता

इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करने वाले युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जिन उम्मीदवारों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है, वे इस इंटर्नशिप के लिए पात्र नहीं हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी सरकारी सेवा में है, तो ऐसे परिवार का कोई भी युवा पात्र नहीं है।

इस योजना में आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट pminternship.mca.gov.in पर जाएं। दूसरे चरण में होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। तीसरे चरण में अपना मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर करें। चौथे चरण में उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। पांचवें चरण में आवेदन पत्र की जांच कर उसे सबमिट करें और अंत में भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लें। युवा योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 और पंजीयन में सहायता के लिये निकटतम शासकीय इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक या आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं। पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के तहत अभ्यर्थी को 5,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को 6,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह की होगी।

---

### पलाश के पेड़ों में फूलों ने बढ़ाई वातावरण की सुंदरता



पलाश के पेड़ो में लदे टेसू के फूलों ने जंगलों की खूबसूरती से लेकर सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। उमरियापान क्षेत्र में भनपुरा– कारीपाथर से मढ़ाना तक सड़क किनारे लगे टेशू के फूल अपनी चमक बिखेरे हुए है।जिससे वातावरण की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है। सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर आये फूल सड़क की शोभा बढ़ा रहे है।ये फूल इस मार्ग से चलने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। राहगीर वाहनों को रोककर मोबाइल के केमरे पर फोटो लेकर शोशल मीडिया पर वायरल भी कर रहे है। दरअसल टेसू के फूल अत्यंत आकर्षक होते हैं। आकर्षक फूलों के कारण इसे जंगल की आग की संज्ञा से भी अभिहित किया गया है।यह फूल होली के समय तक ही पेड़ पर खिलता है, क्योंकि तब तक गर्मी आ जाती हैं। टेसू के फूल अत्यंत सुंदर होने के बावजूद गंधहीन होते हैं।इस कारण इन फूलों से होली के रंग बनाए जाते है। पलाश के फूल, पत्ते और लकड़ी से दवाइयां बनाई जाती हैं जो स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होती है।

---

## पात्र हितग्राहियों को मिलें आवास योजना का लाभ, घर घर पहुँचकर हो रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आगामी पांच वर्षों (2024-25 से 2028-29) में पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक घर घर जाकर पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में शामिल कर रहे है।अभी 12 दिन का समय शेष बचा है, सर्वे कार्य पूर्ण करना है, इसलिए पंचायत सचिव और रोजगार सर्वे कार्य में व्यस्त है। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार



सहायक आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। सेक्टर सुपरवाइजर सत्यापन का कार्य करने में जुटे हैं।

यदि किसी पात्र परिवार का नाम सूची से छूट जाता है तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे निःशुल्क करवा सकता है। केंद्र सरकार ने 31 मार्च को अंतिम तिथि निर्धारित की है। इसके बाद किसी भी परिवार का सर्वे संभव नहीं होगा और न ही कोई दावा-आपत्ति स्वीकार की जाएगी। पात्र हितग्राही स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते हैं।इसके लिए आवास प्लस एप्लिकेशन डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी भरनी होगी।

---

*रीवा जिले के दो लोगों के साथ की गई ठगी, अब भटक रहे पीड़ित*

## सोने की मोहरों के लालच में 5 लाख की लगी चपत, नकली निकली मोहरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लालच बुरी बला, यह कहावत दो युवकों पर उस समय सही साबित हो गई जब सोने की मोहरों के चक्कर में पांच लाख रूपए भी गवां दिये और मोहरे भी जांच में नकली पाई गई। सोने की मोहरो के लालच में ठगी की दूसरी घटना हुई जब रीवा जिले के दो व्यक्ति ठगी का शिकार हो गए। इससे पहले राजस्थान से कटनी पहुंचे लोगों के साथ भी ठगी की घटना हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के दो युवकों को सोने की मोहर आधे दाम पर देने का लालच देकर ठगों ने पहले उन्हें अपने जाल में फंसाया और कटनी बुलाया। उसके बाद बाईपास से जंगल की तरफ ले जाकर उन्हें कपड़े में लिपटे लगभग आधा पाव सोने की मोहरी दी और 5 लाख लेकर चंपत हो गए। ठगी का शिकार होने की जानकारी युवकों को तब लगी जब उन्होंने मिली मोहरों को रीवा में जाकर चेक कराया तो मोहरें नकली निकली। लुटे पिटे दोनों युवक कुठला थाने पहुंचे, लेकिन वहां पर मौजूद स्टाफ ने उन्हें चलता कर दिया।

ठगी का शिकार दोनों युवकों का कहना है कि 16 मार्च की शाम वे कटनी पहुंचे और बाईपास पर उनकी मुलाकात ठगो से हुई। जिसके बाद वे लोग कुछ दूर जंगल की तरफ पन्ना रोड में गए और वहां पर उन्होंने ठगों को 5 लाख रुपए दिया और सोने की मोहरों वाली पोटली लेकर वापस रीवा लौट गए। रीवा में जब उन्होंने सोने की मोहरों की जांच कराई तो सारी मोहरें नकली निकली।

पीड़ित युवकों ने कहा कि ठगी का शिकार होने के बाद वे लोग घटना की शिकायत लेकर पहले तो रीवा जिले के गढ़ थाने गए, लेकिन वहां पर पुलिस ने यह कहते हुए उन्हें कटनी भेज दिया कि आपके साथ ठगी कटनी जिले में हुई है इसलिए घटना की रिपोर्ट भी कटनी में ही लिखी जाएगी। कुठ थाने शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित युवकों की शिकायत लिखने के बजाय कुठला पुलिस ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि गलती तुम्हारी है। शुक्र मनाओ कि तुम दोनों बच गए। तुम्हारी बातचीत रीवा से हो रही थी। इसलिए एफआईआर भी वही लिखी जाएगी। आपको यह भी बता दें कि ठगी का शिकार हुए युवक ठगों से लगातार मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर रहे थे। उन्होंने पुलिस को उन नंबरों की जानकारी भी दी जिनके जरिए वे ठगो से बातचीत कर रहे थे, लेकिन उसके बावजूद पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई।

#### कराई जाएगी जांच

इस मामले को लेकर बातचीत करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का डॉक्टर संतोष डेहरिया ने कहा कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है थाना प्रभारी से बात कर जानकारी ली जाएगी और जो भी यथोचित कार्यवाही है कराई जाएगी।

---

### कन्या महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन

## साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा एवं अर्थव्यवस्था के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में "साइबर सुरक्षा" पर एक प्रेरणाप्रद व्याख्यान तथा वीडियो प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जो प्रतिमाह आयोजित होने वाले शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक अभिन्न अंग बन चुकी है। डिजिटल युग में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएं, जैसे डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, और साइबर हमले, देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं। प्राचार्य ने छात्राओं को इस दिशा में जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी, ताकि वे स्वयं को और अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित रख सकें।इस



कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल युग की चुनौतियों से अवगत कराना और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. साधना जैन ने अपने संबोधन में साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों और जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज के समय में साइबर अपराधी अत्यंत चालाकी से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। फिशिंग ईमेल, फर्जी वेबसाइट्स, और सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाएं इसके कुछ उदाहरण हैं। डॉ. जैन ने छात्राओं को पासवर्ड सुरक्षा, संदिग्ध लिंक से बचने, और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा न करने जैसे बुनियादी उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक का उपयोग एक वरदान है, लेकिन इसके दुरुपयोग से बचने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री भीम बर्मन द्वारा प्रस्तुत साइबर सुरक्षा पर आधारित वीडियो डॉक्यूमेंट्री थी। इस वीडियो में साइबर अपराधों के विभिन्न रूपों, जैसे हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, और पहचान की चोरी, को दृश्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। वीडियो में यह भी दिखाया गया कि साइबर अपराधी किस तरह लोगों की लापरवाही का फायदा उठाते हैं और कैसे छोटी-छोटी सावधानियां इन खतरों से बचाव कर सकती हैं। छात्राओं ने इस वीडियो को बड़े ध्यान से देखा और इसके बाद अपनी जिज्ञासाओं और सवालों को सामने रखा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों की भूमिका इस कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के प्राध्यापकों की सक्रिय भागीदारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. विमला मिंज, डॉ. किरण खरादी, बंदना मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. के.जी. सिंह, प्रेमलाल कॉवरे, श्रीमती प्रियंका सोनी, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, श्रीमती सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, श्रीमती आरती वर्मा , डॉ. अनिका वालिया इत्यादि प्राध्यापकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। इन शिक्षकों ने न केवल कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

---



## चाका में कम्प्रेशर टंकी में हुआ ब्लास्ट, दो कर्मचारी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत चाका में मंगलवार को एक कम्प्रेशर टंकी ब्लास्ट हो गई। ब्लास्ट की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस हादसे में दो व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई है। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर में चाका स्थित कमानी दुकान में यह हादसा हुआ। सूत्रों की माने तो कम्प्रेशर टंकी में ज्यादा हवा भर जाने की वजह से यह हादसा हुआ। ब्लास्ट की वजह से कुछ दुकानों की सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकजुट हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

खबर संक्षेप

## शांति समिति की बैठक 22 मार्च को

**दमोह।** आगामी पर्व चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फितर, रामनवमी, ज्वारे विसर्जन, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती, बैसाखी, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 मार्च 2025 को अपरान्ह 03 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित की गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधितों से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।k

## प्राचीन एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चौमुख नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में पुरातत्व विभाग ने कराई खुदाई

**पन्ना।** पन्ना जिले के प्राचीन एवं प्रसिद्ध चौमुखनाथ शिव मंदिर प्रगाढ़ में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा वर्षों से इतिहासिक धरोहर की खोज हेतु खुदाई करवाई जा रही थी यह खुदाई हाथ के बारीक औजारों से कराई गई थी खुदाई के लिए कई छोटे छोटे सर्किल बनाए गए थे शिव मंदिर प्रगाढ़ में खुदाई के दौरान एक प्राचीन पत्थरों से बना मंदिर एवं मंदिर के गर्भ गृह में बड़े रूप का शिव लिंग मिला है साथ ही खुदाई में छोटे छोटे हवन कुंड मिले हैं जो अनोखे है चौमुख नाथ महादेव मंदिर का इतिहास पन्नों में नाचना कुठारा नाम से उल्लेख है जो प्राचीन काल के हिंदू मंदिरों सभ्यताओं का प्रतीक है चौमुख नाथ महादेव मंदिर के आसपास भी राजसी भवन एवं मंदिर आज भी निर्मित है। और। महादेव मंदिर प्रांगण में एक और शिव मंदिर मिलने से प्राचीन सनातन संस्कृति एवं स्थान में हिंदू सभ्यताओं के लोगों के निवास स्थान का यह क्षेत्र प्रमाण है जहां राजा महाराजाओं के साथ हिंदू जनसमुदाय वाश करते थे जिनके साक्ष्य के रुप में प्राचीन मूर्तियां मंदिर स्मारक प्राचीन भवन संपदाएं मौजूद है।

## गहोई महिला मंडल पवई द्वारा धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**पवई।** गहोई समाज की महिला मंडल द्वारा दिनांक 17 मार्च सोमवार को सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर मिलोनीगंज में सामाजिक समरसता, एकता रंगों का त्यौहार होली मिलन समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया गहोई समाज की महिलाओं द्वारा सर्वप्रथम मां दुर्गा, मां कलेही, भगवान कृष्ण, गहोई समाज के आराध्य भगवान सूर्य देव, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के छायाचित्रों पर माल्यार्पण पूजन एवं दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उक्त आयोजन गहोई महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति बेहरे की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ समाज की महिलाओं से आपसी सदभाव एवं महिला मंडल द्वारा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को इसी तरह से उत्साह पूर्वक संपन्न करने का सभी से आग्रह किया गया, महिला मंडल की कोषाध्यक्ष सीमा छिरौल्या द्वारा गहोई महिला मंडल को प्राप्त राशि का आय व्यय सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा होली के गानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत किए गए मां दुर्गा की आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम मे सहयोग के लिए सभी महिलाओं का पूजा छिरोल्या ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में गहोई समाज के अध्यक्ष गनेश डेगरे, पार्षद देवी खटीक, कुसुम बेहरे, नीरजा छिरोल्या, रानी बेहरे, माधुरी बेहरे, कविता लहरिया, संध्या छिरोल्या, नीता डेगरे, सुनीता बड़ेरिया, संगीता डेगरे सहित समाज की अन्य महिलाए मोजूद रही।

## गोविंद चले राम से मिलने अयोध्या, साइकिल यात्रा के जरिए पर्यावरण और सेहत का संदेश

**पन्ना।** फुलवारी (देवेंद्रनगर) निवासी गोविंद बागरी, जो पहले भी साइकिल से विभिन्न स्थानों की यात्रा कर चुके हैं, ने 17 मार्च को अपने गृहग्राम फुलवारी से एक नई यात्रा शुरू की। उनका यह यात्रा अयोध्या की ओर है, जहां वह भगवान श्रीराम से मिलने के लिए साइकिल से जा रहे हैं। इस यात्रा की खास बात यह है कि गोविंद बागरी न केवल धार्मिक उद्देश्य से यात्रा पर निकले हैं, बल्कि उनका यह सफर पर्यावरण और सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास भी है। गोविंद बागरी ने पहले पन्ना जिले में स्थित जुगल किशोर मंदिर के दर्शन किए और उसके बाद अपनी यात्रा शुरू की। वह चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए अयोध्या पहुंचेगे।

स्थानीय लोगों ने कहा - सड़कों गलियों से आवागमन करना नासूर बन रहा लेकिन जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# मार्गों पर कब्जा और बेतरतीब वाहन पार्किंग ने बढ़ाई नगर व राहगीरों की मुसीबत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर के मार्गों से आवागमन अब वाहन चालकों के लिए नासूर बनता जा रहा है। उनका सफर डर के साये में होता है। दिन में कई बार जाम भी झेलना पड़ रहा है। क्योंकि तेंदूखेड़ा नगर के मार्गों का पार्किंग स्थल में तब्दील होना एक गंभीर समस्या बन गया है। मार्गों पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग और कब्जा से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को काफी असुविधा हो रही है। कई स्थानों पर तो हालात ऐसे हैं कि आपातकालीन वाहन जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड भी आसानी से नहीं निकल पाते है। नगर के कई इलाकों में लोगों ने अपने घरों के सामने ही गाड़ियां खड़ी करने की आदत बना ली है। खासतौर पर संकरी गलियों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में यह समस्या अधिक देखने को मिल रही है। कई जगहों पर लोगों के घरों के सामने कतार से वाहनों की पार्किंग नजर आती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले रास्ते खुले रहते थे, लेकिन अब वहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी सुदीप त्रिपाठी लखनलाल यादव, रत्नेश, महेंद्र ठाकुर, गोविंद राय आदि ने कहा कि मार्गों पर कब्जा और वाहनों के खड़े रहने से पैदल चलने की भी जगह नहीं बचती है। कई बार सामान लेकर आने वाले वाहनों को भी मुड़ने में परेशानी होती है। राजकुमार शर्मा, अनिल पाराशर ने कहा कि बड़ी गाड़ियां सड़क पर पार्क होने से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। प्रशासन को इस समस्या के समाधान के लिए समुचित प्रयास करना चाहिए, पर जिम्मेदार है कि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं

### इन मार्गों पर सबसे ज्यादा परेशानी

नगर के स्टेट बैंक वाले मार्ग पर सबसे ज्यादा जाम जैसे हालात बनते हैं। यहां पर हर दिन संकरी गली पर दोनों तरफ बाइक की भरमार लगी रहती है। जिससे बड़े वाहन या हाथठेला या बाइक सवार इस मार्ग से निकल नहीं पाते है और बीच बीचों फंस जाते हैं। खकरिया मार्ग पर भी यातायात व्यवस्था बदहाल है। इस मार्ग पर सबसे ज्यादा जाम के हालात बनते हैं। जबकि इस मार्ग पर ही सभी विभागों के सरकारी कार्यालय हैं। साथ ही स्कूल, कॉलेज व छात्रावास मौजूद है। फिर भी बदहाल यातायात व्यवस्था सुधारने नगर परिषद, पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह दमोह-जबलपुर तारादेही मार्ग, जामुन खेड़ा मार्ग पर भी वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं, जिससे जाम लगता है। साथ ही पुलिस थाने जाने वाले मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस ओर जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

## एसडीएम ने सड़क पर प्रतिदिन पानी डालने के दिए थे निर्देश, परिषद ने की खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के मुख्य मार्ग से जाने वाले खकरिया मार्ग में धूल उड़ रही है। यह मार्ग तीन वार्ड 8, 9 व 10 से होकर गुजरता है। इस मार्ग की दुर्दशा के शिकार वार्ड के वाशिंदे धूल मिट्टी से परेशान है। लगभग 3 वर्ष से यह रोड उखड़ कर धूल मिट्टी में तब्दील हो गया है। जिसके कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है नगर परिषद इस मार्ग को बनाने में बजट नहीं होने की बात कर समस्या का समाधान नहीं कर रही है। जिसके कारण लोगों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी मामले को लेकर वार्ड वासी काफी परेशान नजर आ रहे हैं। स्थानीय भूरा खान, जगदीश साहू, प्रेमलाल वाल्मीक, राधा बाल्मीक, हर्ष वाल्मीक सहित अन्य ने कहा कि बस स्टैंड से जनपद कार्यालय तक पूरा रोड खराब है। वार्ड क्रमांक 9 से होकर जाने वाले मार्ग की दुर्दशा ने लोगों के घरों तक को नहीं छोड़ा है दसई वाल्मीक, प्रकाश रैकवार, दीपक रैकवार, शैलेंद्र सोनी, नरेंद्र साहू, अशोक शर्मा सहित अन्य ने कहा कि इस मार्ग से निकलने वाले वाहनों एवं हवा चलने पर धूल मिट्टी घरों के अंदर प्रवेश कर रही हैं। साथ ही धूल के कारण लोगों को सांस लेने में कठिनाई होती हैं और उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में नगर परिषद से कई बार चर्चा हुई, लेकिन किसी प्रकार का कोई उचित समाधान नहीं निकला है

### एसडीएम के निर्देशों का किया जा रहा उल्लंघन

स्थानीय अमित साहू, राहुल ठाकुर, संदीप परस्ते, मुन्ना विश्वकर्मा आदि ने कहा कि करीब दो माह पहले जनपद पंचायत में बैठक के दौरान एसडीएम सौरभ गंधर्व ने सड़क की दुर्दशा को देखकर और लोगों की परेशानियों को समझकर नगर परिषद को हर दिन मुख्य मार्ग से जनपद तक सुबह-शाम फायर ब्रिगेड से पानी डालने के निर्देश दिए गए थे, ताकि सड़क पर उड़ने वाली धूल मिट्टी से लोगों को छुटकारा मिल सकें। एसडीएम के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा खानापूर्ति करते हुए सिर्फ एक हफ्ते में दो-तीन दिन ही फायर ब्रिगेड से पानी डलवाया गया, लेकिन फिर इसके बाद लगातार निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। ओम प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार गौर, राजा खान, मनीष पाटकार, मूलचंद विश्वकर्मा, शंकरलाल झारिया, ब्रजेश साहू, यशवंत सिंह, कुंजबिहारी ठाकुर, उमाशंकर मेमार, शिव कुमार अहिरवार, सलीम बेग, बबलू रैकवार, अजुद्धी प्रसाद प्रजापति, चंद्रशेखर साहू, अशोक बेन, रंजीत साहू, चंदन सिंह आदि ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी जब प्रश्वासन के बड़े अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने पर ध्यान नहीं दे रही है तो आमजन की गुहार कौन सुनेगा।

## जनसुनवाई में 191 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 191 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधितअधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 20 आधार कार्ड अपडेशन एवं 170 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विशेष जनसुवाई में समग्र आईडी हेतु 06 आवेदन प्राप्त हुये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर अवीनाश रावत एवं डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बिना बैच नंबर, पैकिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट का नमकीन जप्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा हटा नगर के सुभाष वार्ड स्थित लक्ष्मी नमकीन प्रोपराइटर श्रीकांत जैन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में बिना बैच नंबर, पैकिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट के 53.5 किलो नमकीन कुल 107 पैकेट मूल्य 4280 रुपए मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित पाए जाने पर नियमानुसार जब्त किया गया। बिना बैच नंबर , पैकिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट का नमकीन मिथ्याछाप श्रेणी में आता है। नमकीन दुकान संचालक श्रीकांत जैन को पेस्ट कंट्रोल मैनेजमेंट सर्टिफिकेट, कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल परीक्षण प्रमाण पत्र एवं फोस्टैक ट्रेनिंग प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए। परिसर में विक्रय हेतु संग्रहित सादा मिक्सर नमकीन के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## दीदी-कैफे एवं सांची पार्लर के निर्मित खाद्य सामग्री का उपयोग किया जाये

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त विभाग प्रमुखों से कहा है राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन में दमोह कलेक्ट्रेट परिसर में दीदी कैफे का कार्य महिला स्व-सहायता समूह को सौंपा गया है, दीदी-कैफे का संचालन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से प्रारंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय परिसर में राज्य शासन के सहकारी उपक्रम बुंदेलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर द्वारा संचालित सांची पार्लर भी प्रारंभ हो गया है। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि कार्यालयीन बैठकों में या अन्य विभागीय आयोजनों एवं राष्ट्रीय पर्वो के दौरान सांची पार्लर के डेयरी उत्पाद एवं दीदी-कैफे में निर्मित खाद्य सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाये।

## खेजरा मन्दिर में रंग पंचमी पर खेली जाएगी फूलों की होली



**हटा।** नगर के समीपस्थ ग्राम खेजरा खुर्द स्थित भगवान बांके बिहारी के मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रंगपंचमी के अवसर पर फूलों की होली के साथ रंगारंग भजनों की प्रस्तुति का आयोजन किया जावेगा। मन्दिर के महन्त कृष्णकांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि विगत कई वर्षों से रंग पंचमी की रात्रि में भगवान बांके बिहारी का फूलों एवं रंग गुलाल से आकर्षक श्रृंगार कर फूलों की होली खेली जाती है एवं क्षेत्र व आसपास के जिलों के कलाकारों द्वारा रंगारंग जोरदार भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी। मंदिर के महंत द्वारा कार्यक्रम में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया होली मिलन समारोह

**गैसाबाद** , प्रेम और सद्भावना की प्रतीक होली के पावन पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय में हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव के स्वजन्य से आज होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की, कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने कार्यालय में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा करके तिलक लगाकर मीठा खिलाकर पार्टी जनों का स्वागत बंदन और अभिनंदन किया होली मिलन समारोह में ब्लॉक महामंत्री परम उपाध्याय श्याम बिहारी पटेल,सेवादल अध्यक्ष विनोद सिंह राजपूत हकाई पटेल, यासीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही

# अभिभावकों को दी गई पोषण आहार की जानकारी

### आंगनबाडी में बच्चों का कार्यक्रम कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा




नगर के आंगनवाड़ी वार्ड क्रमांक 11 (2) में माह के तृतीय मंगलवार को अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। हितग्राही अक्ष पिता दिनेश साहू, मादेश पिता दिलीप गौंड को आमंत्रित कर दोनों बच्चो का अन्नप्राशन कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चो को रोली लगा कर फूलों की माला पहनाकर कर उनका स्वागत किया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार ने अभिभावकों को बताया कि शिशु की उम्र 6 माह हो जाने के बाद केवल स्तनपान उसकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए शिशु के पूर्ण पोषण के लिए अर्ध ठोस आहार देना शुरू करे इसके साथ ही 2 साल तक स्तनपान भी जारी रखे। नरम भली भांति पके हुए और मसले हुए आहार से शुरूआत करे। जैसे जैसे शिशु खाने लगे उसके आहार को निरंतर गाढ़ा और ठोस बनाते जाए ऊपरी आहार को पकाने, साफ वर्तन में खाना परोसने और रखने में साफ सफाई सुनिश्चित करे। भोजन पकाने से पहले और खिलाने के पहले अपने और शिशु के हाथ धोए और साफ वर्तन में खाना परोसे। इस दौरान उपहार स्वरूप कटोरी चम्मच बच्चों को दी गई। सहायिका रीना ठाकुर के अलावा वार्ड की महिलाएं एवं आंगनबाड़ी के बच्चे मौजूद रहे।

# लापरवाही की भेंट चढ़ गया मिश्रित प्लांटेशन

**प्लांटेशन में कई प्रजाति के लगे थे पेड़ पौधे, रविवार की सुबह दर्जनों पेड़ों में लगी थी आग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



शनिवार को नगर सीमा से मात्र आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित मिश्रित प्लांटेशन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते 2 घंटे में पूरी प्लांटेशन तहस नहस हो चुकी है। वन विभाग के लोगों ने काफी प्रयास किए प्लांटेशन को बचाने की पर प्लांटेशन नहीं बचा सके। सबसे बड़ी हैरानी का मामला है कि प्लांटेशन में आग लगने के बाद अधिकारियों के द्वारा पान अमला भेजा गया। गिट्टी रेंजर महेंद्र खरे ने 102 नंबर पर फायर वाहन के लिए सूचना दी पर डेढ़ घंटे गुजर जाने के बाद भी फायर वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। सवाल यह उठता है कि जब नगर परिषद का फायर वहां आधा किलोमीटर डेढ़ घंटे में नहीं पहुंच सका तो क्षेत्र में लगने वाली आग पर कैसे काबू पर सकेगा।

### पाँच वर्ष पूर्व बनी थी प्लाटेशन

यह प्लाटेशन वर्ष,2019 -20 मे बनाया गया हैं। यह प्लाटेशन मिश्रित प्लाटेशन के नाम से जाना जाता है। मुख्य मार्ग पर बनाये गये प्लाटेशन मे अनेक प्रजाति के पेड़ लगे हैं जो आकार मे भी काफी बड़े हो चुके थे। इस मैसेज प्लांटेशन में सागौन शीशम कँन्जी,नीम सेट कई प्रजाति की पेड़ लगे थे इतना ही नहीं सुरक्षा के लिए फेंसिंग तार की व्यवस्था भी की गई थी परीक्षित में सबसे अच्छी प्लांटेशन मानी जा रही थी लेकिन अचानक लगी आग ने कई सवाल खड़े कर दी है।

### पर्यावरण एवं सुरक्षा के लिए लेते हैं कई बार शपथ

वन विभाग समय-समय पर पर्यावरण एवं पौधों की सुरक्षा के लिए शपथ लेते हैं। पर्यावरण प्रेमीयो का कहना है कि क्या अधिकारी कर्मचारियों की यही शपथ है कि दिखावे एवं अभियान की तहत ही ऐसा कार्य किये जाए। बाकी समय पर्यावरण एवं सुरक्षा से कोई लेना देना नहीं है। इन्हीं लापरवाहियों के कारण कई बार गर्मियों में कई प्लांटेशनो में आग लग जाती है और लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारीयो पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होती।

### इनका कहना है

वन परीक्षेत्र सहायक महेंद्र खरे का कहना है कि मेरे द्वारा डायल 102 पर 1 दिन में आग की सूचना दे दी गई उसके डेढ़ घंटे बाद भी फायर वहां नहीं पहुंचा जितने संसाधन हमारे पास उपलब्ध थे उससे आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आप काफी ज्यादा फैल चुकी थी। इसलिए आग बुझाने में हम नाकाम रहे और आग प्लांटेशन को चौपट कर दिया फायर वाहन पायलट उमेश जैन का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। लगभग 2:30 बजे हंड्रेड डायल से सूचना प्राप्त होने के बाद में फायर वाहन लेकर पहुंचा था फायर वाहन पुलिस थाने में खड़ा होता है। वहीं से उसका संचालन होता है सूचना के बाद तत्काल पहुंचे थे नगर परिषद के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान का कहना है कि मुझे इस संबंध में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली फायर वहां का संचालन पुलिस थाने से होता है एसडीएम साहब का फोन इस संबंध में जरूर आया था यदि वां भाग ने मेरे पास फोन लगाया होता तो मैं तत्काल वहां उपलब्ध करा देता।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का हुआ शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




टाईम्स महाविद्यालय की एन एस. एस. ईकाई द्वारा दिनांक 17 मार्च से 23 मार्च तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम मगरोन के जरारूधाम गौअभ्यारण में किया जा रहा है। संस्था के डायरेक्टरसर द्वारा एन. एस. एस. इकाई के छात्र व छात्राओं की यूनिट को झण्डी दिखा कररवाना किया गया। इस सात दिवसीय शिविरमें एन.एस. एस. के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण अभियान जल संरक्षण जागरूकता, भूण्र हत्या रोकने, बेटी बचाओं और बेटी पढ़ाओं जैसे मुद्दों पर ग्रामवासियों को जागरूक किया जायेगा। प्रथम दिवस के अवसर पर स्वंय सेवकों ने पंचायत भवन की साफ-सफाई के पश्चात जरारूधाम में पौधों को संरक्षित करके अभ्यारण का भ्रमण किया।

## जल संरक्षण का दिया गया संदेश




टाईम्स महाविद्यालय की एन. एस. एस. ईकाई द्वारा दिनांक 17 मार्च से 23 मार्च तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम मगरोन के जरारूधाम गौ अभ्यारण में किया जा रहा है, जिसके दूसरे दिन स्वयं सेवको द्वारा गा्रम में जल संरक्षण रैली का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों को मानव जीवन में जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण करने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया। स्वंय सेवकों द्वारा जल सोख्ता का निर्माण एवं पौधा रोपण कर सुंदरक्यारियों का निर्माण किया गया। ग्राम वासियों ने स्वंय सेवको द्वारा जल संरक्षण के प्रति किये जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं सहयोग प्रदान करते हुए जल संरक्षण विधियों को अपनाने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राट्रीय खुशहाली दिवस 20 मार्च को

**दमोह।** संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत ने आनंद विभाग के नोडल अधिकारी शासकीय मॉडल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कीर्तिकाम दुबे एवं सहायक नोडल अधिकारी आनंद विभाग एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिन्नाई उमरी के प्राचार्य रमेश कुमार व्यास से कहा है राज्य आदंन संस्थान द्वारा 20 मार्च 2025 को ₹नेशनल सेमीनार ऑन हैप्पीनेस (आनंद के आयाम) का आयोजन प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हाल) में आयोजित किये जाने पर मास्टर ट्रेनर्स को सम्मिलित कराये जाने का लेख किया गया है।

### विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 मार्च 2025 को दोपहर 01 बजे से विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओ आदि की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से 21 मार्च 2025 को दोपहर 01 बजे से पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त किये जाने का आग्रह किया है।

### चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन अवधि बढ़ाकर 21 मार्च की गई

**दमोह।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु उपार्जन नीति जारी की गई है। उक्त जारी नीति के बिन्दु क्रमांक 03 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। फसल चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम अवधि 17 मार्च तक निर्धारित की गई थी। कृषक हित को दृष्टिगत तथा जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुक्रम में फसल चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम अवधि 17 मार्च के स्थान पर 21 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है।

### किसानों की समस्याओं के निराकरण संबंध में बैठक संपन्न

**दमोह।** दमोह मंडी में पल्लेदारों के बीच किसानों से अतिरिक्त पैसा लिये जाने के संबंध में एस.डी.एम. आर.एल. बागरी की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरेन्द्र बजाज, हरिश्चन्द्र पटैल, व्यापारी संघ अध्यक्ष, हम्माल पल्लेदार संघ अध्यक्ष, सचिव व किसान मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पल्लेदार किसी भी किसान से झराई, झाड़ू लगाने का पैसा नहीं लेंगे और यदि कोई किसान भाई से पैसा लेते हुए पाये गये या अनैतिक व्यवहार करते हुए पाये गये, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसके जिम्मेदार पल्लेदार स्वयं होंगे। बैठक में किसान भाइयों से आग्रह किया गया कि झाड़ू लगाने का कार्य आप स्वयं करें या अपने साथ में एक मजदूर, एक झाड़ू जरूर लेकर आयें जिससे हमें पैसा देने से बचने में सहूलियत होगी और इसके बाद भी यदि कोई पल्लेदार परेशान करते है, तो आप इसकी शिकायत मंडी में बनी पुलिस चौकी में कर सकेंगे।

### बिजली विभाग ने वसूली अभियान में 5 लाख रूपए की वसूली की

**तेंदूखेड़ा।** बिजली विभाग के द्वारा वसूली अभियान के अंतर्गत तेंदूखेड़ा एवं ग्राम तारादेही वितरण केंद्र में 10 से 18 मार्च तक 5 उपभोक्ताओं की चक्की, 1 मोटरसाइकिल एवं 3 मोटर पंप एवं 35 कनेक्षनों की डोरी को जप्त कर 5 लाख रूपए की वसूली की गई हैं। अभियान में सहायक अभियंता एम एफ अंसारी, आउटसोर्स लाइनमेन सुधीर पटैरिया, द्वारका मिश्रा एवं स्टाप की उपस्थिती रही। सहायक अभियंता एमएफ अंसारी ने कहा कि उपभोक्ता बिजली की चोरी न करें साथ ही बिजली के बिलों का समय का भुगतान करें। जिससे वसूली की समस्या उत्पन्न न हो सके।

---

दो प्रकरणों की समीक्षा में स्टॉफ नर्स की स्वेच्छाचारिता पाये जाने पर किया निलंबित

# मातृ-मृत्यु प्रकरणों की परिजनों, चिकित्सकों एवं स्टॉफ की मौजूदगी में हो रही समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में रोकथाम योग्य मातृ-मृत्यु को निरंक करने के प्रयासों में कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर द्वारा मातृ-मृत्यु प्रकरण को संज्ञान में लेकर हर मातृ-मृत्यु प्रकरण की गहन समीक्षा सतत रूप से की जा रही है। इस क्रम में गत दिवस विकासखंड हटा एवं विकासखंड बटियागढ़ में हुई मातृ मृत्यु के प्रकरण की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित महिला के परिजनों, चिकित्सकों, संबंधित सी.बी.एम.ओ., जिला चिकित्सालय नर्सिंग स्टॉफ, मैदानी सेवा प्रदाताओं की उपस्थिति में की गई। बैठक दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित महिला के परिजनों से संबंधित महिला को मैदानी स्वास्थ्य अमला एवं संस्था पर प्रदायित स्वास्थ्य सेवा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। विकासखंड हटा के गैसाबाद निवासी शायबा बी/फारूक खान उम्र 21 वर्ष की मातृ-मृत्यु समीक्षा दौरान जिला चिकित्सालय की स्टॉफ नर्स की स्वेच्छाचारिता पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री कोचर ने विकासखंड हटा के गैसाबाद निवासी शायबा बी/फारूक खान उम्र 21 वर्ष की मातृ-मृत्यु समीक्षा दौरान संबंधित महिला की केस शीट का बारीकी से अवलोकन किया। समीक्षा दौरान पाया कि चिकित्सीय स्वास्थ्य परीक्षण में एलएससीएस का केस होने के बावजूद स्टॉफ नर्स द्वारा अपनी मर्जी से नार्मल डिलेवरी कराई गई। जिससे अत्याधिक रक्त स्त्राव होने से संबंधित महिला में जान का जोखिम बढा। स्टॉफ नर्स निशा शुक्ला द्वारा स्वेच्छाचारिता कृत्य पर निलंबन की कार्यवाही की गई। वहीं अन्य स्टॉफ नर्स क्रमशः ज्योति साहू, आशा अब्राहम एवं शीतल साहू को प्रसव कक्ष से पृथक कर अन्य इकाई में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

शायबा बी/फारूक खान का पहला प्रसव था। मैदानी स्वास्थ्य अमले द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच-देखभाल की जाती रही। संबंधित महिला को सिविल अस्पताल हटा में 9 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण दौरान जोखिम पूर्ण स्वास्थ्य स्थिति होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गर्भाशय संकुचन 1 से.मी. होने अर्थात संबंधित महिला प्रसव पीड़ा के सक्रिय चरण में नहीं होने पर उसे प्रसव पीड़ा पर निगाह रखने के लिए भर्ती कर स्वास्थ्य पर निगरानी रखी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा एलएससीएस कराने की सलाह दी गई। किन्तु स्टॉफ नर्स द्वारा रात्रि में नार्मल डिलेवरी कराई गई। अत्याधिक रक्त स्त्राव होने से आकास्मिकता की स्थिति निर्मित हुई। चिकित्सकों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। ब्लड भी चढाया गया। महिला को मेडिकल कॉलेज रेफर दौरान जबेरा के नजदीक रास्ते में मृत्यु हो गई।

वहीं कलेक्टर श्री कोचर ने विकासखंड बटियागढ़ मगरोन की आरती लोधी के मातृ-मृत्यु समीक्षा में स्वास्थ्य दस्तावेज अवलोकन में पाया कि मैदानी सेवा प्रदाता एवं संस्था स्तर पर संबंधित महिला को समुचित स्वास्थ्य देखभाल-उपचार सेवा दी गई। आरती लोधी को 32 सप्ताह की गर्भावस्था थी। गर्भ में जुड़वा शिशु थे। गर्भावधि में लीकेज एवं पैरों में सूजन की समस्या होने पर मैदानी स्वास्थ्य सेवाप्रदाता सीएचओ द्वारा जच्चा-बच्चा की जीवन रक्षा एवं सुरक्षित प्रसव के लिए सीधे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। संस्था में एचडीयू यूनिट में भर्ती कर महिला को समुचित उपचार-परामर्श सेवा देना पाया गया। स्वास्थ्य लाभ होने पर महिला बिना जानकारी दिये वापस अपने घर लौट आई। अगले दिन तकलीफ होने पर फातिमा नर्सिंग होम में स्वास्थ्य जांच कराया। जहां से उन्हे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां महिला का पुनः स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गर्भ में जुड़वा शिशु होने पर ऑपरेशन के लिए ओ.टी. ले जाया गया। जहां पर महिला का ब्लड प्रेशर बढने पर वापस एचडीयू यूनिट लाने दौरान महिला द्वारा पानी पीने की इच्छा जताने पर परिजन द्वारा पानी पिलाया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य स्थिति में लगातार गिरावट हुई। चिकित्सकों द्वारा महिला की लगातार स्वास्थ्य देखभाल एवं उपचार किया जाता रहा। किन्तु महिला को नहीं बचाया जा सका।

---

मामला-गंभीर, घायल जिला अस्पताल में भर्ती...

# जमीनी विवाद के चलते युवक को मारी गोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह


अनुविभाग हटा के थाना क्षेत्र रनेह अंतर्गत ग्राम बिलाखुर्द में जमीनी विवाद को लेकर एक युवक पर गोली मारकर घायल करने का मामला सामनें आया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन सहित आरक्षक नितेंद्र, श्रीराम, ऋषिराज सहित पुलिस ने पहुंचकर घायल से जानकारी ली। जहां पुलिस को मिली सूचना पर मौके पर पंहुचे थाना प्रभारी रनेह चंदन सिंह द्वारा घायल युवक व उसके परिजनो से पूछताछ की गई परिजनो द्वारा तुरंत ही घायल को जिला अस्पताल पुहंचाया जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10 बजे बिलाखुर्द निवासी दीनदयाल पिता मुरारी पटैल उम्र 24 वर्ष को जमीनी विवाद के चलते गोली मार दी जिससे गोली उसके पैर में लगने से वह गंभीर घायल हो गया वहीं गोली चलनें से गांव में हडकंप मच गया परिजनों को जैसे ही गोली की घटना की जानकारी लगी तो दीनदयाल खुन से लथपथ पड़ा हुआ था जहां पुलिस को सूचना देनें के बाद घायल को उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पंहुचे। वही घायल युवक की मां गुड्डी बाई द्वारा पुलिस को बताया गया कि घंसू रवि प्रदीप दयाराम पवन एवं उसके जीजा द्वारा घर में घुसकर मेरे बेटे पर हमला कर दिया और गोली मार दी। वहीं देखा जाए तो पुलिस जांच में यह सामने आ रहा है कि दोनो पक्षो के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है और प्रकरण भी न्यायलय में लंबित है। रनेह पुलिस द्वारा परिजनो से पूछताछ कर सात आरोपियो की जांच में जुटी हुई है।

## पर्यवेक्षक गीता अनुरागी तत्काल प्रभाव से निलंबित

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने पर्यवेक्षक गीता अनुरागी द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के आदेश/निर्देशों की अवहेलना, अपने पदीय दायित्वों का निवर्हन न करते हुये, कार्य के प्रति उदासीनता, लापरवाही के आरोप में मूल पद प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला अगारा संकुल केन्द्र शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय फुटेराकलॉ विकास खण्ड बटियागढ़ दमोह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में पर्यवेक्षक गीता अनुरागी मूल पद प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला अगारा संकुल केन्द्र शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय फुटेराकलॉ विकास-खण्ड बटियागढ़ जिला दमोह का मुख्यालय कार्यालय विकास-खण्ड शिक्षा अधिकारी पथरिया दमोह नियत किया गया है। निलंबन अवधि में गीता अनुरागी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेंगी।

---

## आचार्य श्री समय सागर जी की होगी भव्य अगवानी



**पटेरा।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के संघ के नवाचार्य श्री समय सागर जी का मंगल विहार श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की दिशा में चल रहा है। 21 मार्च को कुंडलपुर में संभावित प्रवेश को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। जैन मिलन की सभी शाखाएं अगवानी को भव्य रूप देने में अपना योगदान दे रही हैं। कुंडलपुर समिति भी ऐतिहासिक अगवानी करने की तैयारी कर रही है। इसी को लेकर जैन मिलन शाखा पटेरा की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से कोटा ग्राम में अगवानी करने का निर्णय लिया गया। कोटा से सभी सदस्य कुंडलपुर तक पैदल चलेंगे। कोटा गांव में प्रवेश द्वार व बैनरों से सजावट शुरू हो गई है। मिलन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, मंत्री महेश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र बजाज, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बजाज, नीतेश सराफ, प्रमोद बड़कुल, जितेंद्र बड़कुल, अतुल चौधरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### आज बनोली छात्रावास में होगी आहारचार्य

पूज्यनीय आचार्यश्री समय सागर जी महाराज ससंघ, निर्यापक श्रमण मुनिश्री अभय सागर जी महाराज ससंघ सहित रात्रि मोहन्द्रा ग्राम, जिला पन्ना में हुआ। आज की संभावित आहारचर्या बनोली छात्रावास (जिला पन्ना) में होगी। आचार्य श्री के संघ सहित जगह जगह अगवानी हो रही है। जब से उनके चरण क्षेत्र में पुनः पढने वाले है इसकों लेकर गांव गांव में भी उत्साह है।

---

वन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया...

# पारना बीट के जंगलों में भीषण आग

**बनवार।** दमोह जिले की जबेरा तहसील क्षेत्र के समीपी गांव पारना तालाब और डेलनखेड़ा के गांव के पास जंगलों में तीन दिन से आग धधक रही है हालांकि जंगल में आग लगने के कारण अज्ञात है लेकिन बताया जाता है कि यह आग दोनी आलोनी जंगलों से फैलती हुई तेजगढ़ रेंज की पारना बीट के जंगलों पहुंच गई। आग की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम बीते तीन दिनों से दिन रात आग बुझाने की कोशिशों में जुटी हुई है जिसके चलते पहुंच वाले जंगली क्षेत्र में आग पर काबू पाने की बात वन विभाग की टीम कर रही लेकिन पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र में लगी आग के सामने वन विभाग की टीम बेबस नजर आ रही है। क्योंकि यहां तक वन विभाग की टीम पहुंच नहीं पा रही है। क्योंकि अधिकाश क्षेत्र सीधी खड़ी पहाड़ी क्षेत्र का जंगल जहां पर आग अभी भी धधक



रही है। लेकिन वन विभाग की दिन रात कोशिशो का नतीजा है आज देर शाम तक अधिकांश जंगल में हवा फेंकने वाली प्रेशर मशीन एवं पौधों की गीली झाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। आग पर काबू पाने के लिए तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे, डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे, बीटगार्ड पारना, झलकन साहू, विनोद साहू, रविन्द्र रैकवार, घनश्याम यादव, जवरेंद्र सिंह, कमलेश घोषी, भागवत पाठक, राम सींग, हल्कू नरेंद्र सींग सहित दर्जनों अस्थाई वनकर्मी दिन रात कोशिश करते रहे जिसका नतीजा है कि आग पर काबू पाया गया क्योंकि जिस जंगली क्षेत्र में आग लगी है। वहां पर फायर ब्रिगेड की पहुंच से दूर होने की बजह से भीषण आग पर सीमित संसाधनों काबू पाना मुश्किल हो रहा था। बावजूद इसके पूरी टीम हिम्मत नहीं हारी आग बुझाने प्रयास करते रहे। आग 75% काबू होने का दावा वन विभाग की टीम कर रही है। पारना बीट गार्ड झलकन साहू का कहना है। दोनी अलोनि रिचकुडी के जंगलों के पारना बीट के जंगलों में आग फैली है हालांकि आग लगने का कारण अज्ञात है जैसे ही आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिशों में जुट गई आग बुझाने के लिए दिन रात एक करने के बाद आज देर शाम तक आग पर काबू पा लिया गया है। पहाड़ी व मुड़ेर क्षेत्र जो कि टीम की पहुंच से दूर वहां की हल्की फुल्की आग का धुआं उठ रहा है शेष जंगल में आग बुझा दी गई है।

## कमिश्नर ने तत्कालीन प्रभारी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को किया निलंबित

**दमोह।** संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दमोह के प्रभारी सहायक यंत्री श्री महेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री जनपद पंचायत पटेरा श्री राहुल पटैल को निलंबित किया। ज्ञात हो कि कलेक्टर जिला दमोह से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत तत्कालीन प्रभारी सहायक यंत्री महेन्द्र सिंह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दमोह तथा तत्कालीन प्रभारी सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दमोह एवं वर्तमान में उपयंत्री जनपद पंचायत पटेरा जिला दमोह राहुल पटैल प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए। उक्त के द्वारा किया गया कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता व स्वेछाचारिता का द्योतक होकर म०प्र० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लघंन है। म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने महेन्द्र सिंह एवं राहुल पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

---

## अवैध गतिविधियों में प्रशासन का मौन रहस्यमयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

पथरिया विधानसभा क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों की संख्या में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा समय है कि ऐसा कोई ग्राम वार्ड नही जहां अवैध कारोबार नही चल रहे हो। पर ना जाने ऐसी क्या परिस्थिति बनी हुई है कि सब कुछ देखकर भी प्रशासनिक अधिकारी अनजान बनें हुए हैं। अवैध गतिविधि में संलग्न लोगो को मानो किसी भी कार्यवाही का डर नही बचा। क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जुआ,सट्टा,शराब पर जो कार्यवाही हो रही है वह नाम मात्र की हो रही है। जबकि कई जगहों पर जुआ के फड़ संचालित हो रहे है। कार्यवाही होने के बाद भी जुआ फड़ बेरोक टोक चलते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसे हाल बनें हुए हैं। वही प्रशासन की बात करें तो अनुविभागीय मुख्यालय राजस्व व पुलिस है उसके बाद भी कोई डर खौफ नही है। अनुविभागीय मुख्यालय होने के बाद भी सिर्फ पुलिस अधिकारियों का निवास मुख्यालय पर है बाकि जिला मुख्यालय पर निवास करते है जिससे हर कोई अवैध कारोबार करने वालों को यह मालूम रहता है कि सुबह 11-12 के पहले कोई कार्यवाही हो नही सकती जिसका फायदा उठाकर रातों रात अपने अपने कार्य को अंजाम देते रहते हैं। उसमें भी कुछ ऐसे कर्मचारी हैं जिनको मेनेजमेंट करके सब कुछ चल रहा है। वही कुछ जिम्मेदार लोग यह भी चर्चा करते हैं कि जनप्रतिनिधियों को कभी भी प्रतिस्पर्धा की दौड़ वाली बात नही करनी चाहिए कि हमारे पहले कैसे काम चला। अब हमारे एक वर्ष में ही आप सब ऐसे बोलने लगें। जनता जनप्रतिनिधियों को इसलिय बदलती है ताकि क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जायें, जनता की परेशानियां कम हो, उनके दुख दर्द में कोई उनका साथी बने। जनता इसलिये पांच साल के लिये नेताओ को विधायक मंत्री बनाती है लेकिन जीतने के बाद जनप्रतिनिधि अपने विकासा की इबारत लिखने में लग जाते है। जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रह जाता।

### फुटेराकलॉ केन्द्राध्यक्ष वंदना भोज का कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने उच्चतर माध्यमिक शिक्षक (केन्द्राध्यक्ष) शासकीय हायर सेकेण्डरी फुटेराकलॉ वंदना भोज द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही के आरोप में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है पत्र प्राप्ति के उपरांत तत्काल अपना पक्ष (साक्ष्य अभिलेखों सहित) जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये, नियत समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने पर यह माना जावेगा की आपको अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है तथा प्रकरण में गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

## जंगल में बच्ची का गला दबाने वाली महिला की हुई पहचान

### 19 फरवरी से तीन साल की बेटी को लेकर गायब थी महिला

**तेंदूखेड़ा।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही के जंगल में अपनी बेटी का गला दबाकर मारने का प्रयास करने वाली महिला की पहचान दमोह नगर के जबलपुर नाका क्षेत्र निवासी कुंती प्रजापति के रूप में हुई है। जब परिजनों को इसकी जानकारी लगी तो वह उसे खोजने महिला बाल विकास विभाग पहुंच गए। मामले में बताया गया कि हटा ब्लॉक के रसोटा गांव निवासी कुंती की शादी 2015 में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे रहने वाले अशोक प्रजापति के साथ हुई थी। महिला मानसिक बीमार है, इसकी पुष्टि उसके पति और महिला की मां गेंदारानी ने की है महिला के तीन बच्चे हैं, जिनमें से दो अपनी नानी के पास रहते हैं। महिला अपनी तीन साल की मासूम बच्ची के साथ ससुराल में थी। 19 फरवरी को वह अपनी बेटी के साथ लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी भी जबलपुर नाका चौकी में दर्ज है। बता दें कि रविवार सुबह उक्त महिला जंगल के रास्ते अपनी तीन साल की बेटी का गला दबाकर उसकी जान लेने का प्रयास कर रही थी, तभी वहां से निकल रहे तारादेही क्षेत्र के रेंजर देवेंद्र गुर्जर ने यह देखा तो बच्ची को महिला से छीनकर उसकी जान बचाई थी और बाद में उस मासूम को पुलिस के हवाले कर दिया था। इसके बाद पुलिस महिला को भी थाने ले गई थी शाम को बाल कल्याण समिति के सदस्य तेंदूखेड़ा पहुंचे थे और मासूम बच्ची को लेकर दमोह आए और उसे वन स्टाफ सेंटर में रख दिया। जबकि महिला थाने में ही रही। सोमवार की सुबह महिला के पति अशोक प्रजापति और महिला की मां गेंदा रानी को जानकारी मिली कि उनकी बेटी दमोह में है तो वह लोग महिला बाल विकास कार्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्हें बाल कल्याण समिति के ऑफिस ले जाया गया। जहां परिजनों ने महिला से अपने संबंधों के दस्तावेज प्रस्तुत किए। पति अशोक ने बताया कि 19 फरवरी को मेरी पत्नी छोटी बेटी को लेकर घर से गायब हो गई थी। काफी खोजबीन की, लेकिन वो नहीं मिली थी। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी विजय अहिरवाल ने बताया कि महिला अभी पुलिस थाने में है। उसने रेंजर पर भी हमला किया था, लेकिन किसी ने शिकायत नहीं की है। परिजन थाने आ जाएं तो उनके बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

---

## अस्मिता महिला हॉकी लीग प्रारम्भ



**दमोह।** हॉकी टरफ मैदान पर महिला हॉकी टूर्नामेंट संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत बलैया आर आई हॉकी मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष डी एल गोर महासचिव लोकबहादुर सह सचिव जगेनदर तोमर भगवती दादा एडवोकेट आर आर खुशाल खेल अधिकारी सेफ उल्ला खान एन आई एस कोच सरोज राजपूत हरप्रीत कोर साई पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। अतिथियो का स्वागत राजेश सालोमन, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, विकास जैन, तरूण इमरान, राजीव, संतोष शैलेन्द्र आदि ने किया। अतिथियो का परिचय खिलाडियो से कराया। पहला मैच उमरिया ने संघर्ष पूर्ण मैच मे बैतूल को दो एक गोल से पराजित किया। दूसरा मैच ग्वालियर मंदसौर के बीच खेला गया जिसमे ग्वालियर ने दो गोल से विजय प्राप्त की। निर्णायक सौरभ, संजीत, विवियन, प्रवीण, तरूण, जाकिर देवकीनंदन राजीव खोसला रहे। कल तीन मैच सुबह से होगे हॉकी दमोह के विकास जैन ने हॉकी प्रेमियो से उपस्थिती की अपील की है।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग

लाखों के नुकसान की आशंका, सफाई कर्मचारियों पर लगे लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के अंधियारा बगीचा एचडीएफसी बैंक के समीप संचालित महावीर ऑटो पार्ट्स की दुकान में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई घटना को देख आसपास के लोगों द्वारा आग बुझाने में पूरी मदद की और दमकल वाहन को भी मौके पर बुलाया गया लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार एचडीएफसी बैंक के बाजू से गौरीशंकर वार्ड निवासी रोहित जैन की ऑटो पार्ट्स की दुकान संचालित है जहां मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। दुकान संचालक ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर पालिका



की सफाई कर्मचारियों द्वारा सुबह झाड़ू लगाकर कचड़ा इकठ्ठा करके शटर के सामने आग लगा दी जिससे दुकान में आग लग गई आग लगने से करीब 10 लाख का नुकसान पुलिस को शिकायत कर बताया गया है। घटना में आवेदक की शिकायत पर हटा पुलिस थाना में आगजनी कायम कर जांच शुरू की है।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हटा।** अनुविभाग के रजपुरा थाना अंतर्गत आने वाले नारायणपुरा गांव में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार नारायणपुरा निवासी कलू पिता सुकई यादव उम्र 28 वर्ष ने सोमवार की दरमियानी रात्रि अज्ञात कर्ण की चलते अपने ही घर के समीप एक पेड़ से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी रजपुरा पुलिस को मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची जहां पंचनामा कारवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया एवं आत्महत्या किए जाने की जांच की जा रही है।